नईदुनिया
इंदौर, गुरुवार 22 सितंबर 2016
www.naidunia.com

कॉम्प्लेक्स पासवर्ड के हैं आसान तरीके

सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड की जरुरत आपने पिछले दो कॉलम में जानी। हमारी पहचान, डेटा, सम्मान और पैसा जो भी वर्चुअल वर्ल्ड में है उसे सुरक्षित रखने की आवश्यकता है और उसके लिए जरूरी है एक मजबूत पासवर्ड की। अगर हमारा पासवर्ड किसी ने क्रेक कर लिया है तो इसके बड़े नुकसान हो सकते हैं और बहुत कुछ छिन भी सकता है जिसे वापस हासिल करना कठिन होगा। इसीलिए हमने आपके पिछले दो कॉलम में मजबूत पासवर्ड के 6 तरीके सुझाए थे।

वरुण कपूर
आईपीएस



यहां यह बहस का विषय है कि सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड के बोझिल नियमों का पालन कैसे करें? ऐसे पासवर्ड हम अपनी याददाश्त के लिए कहीं लिख भी नहीं सकते, सेव नहीं कर सकते या किसी से साझा नहीं कर सकते तो क्या करें? यह एक मुश्किल काम है कि इन दिनों हम कई साइट इस्तेमाल कर रहे हैं और सभी का पासवर्ड हमें याद रहे, तब जबकि हम एक कठिन पासवर्ड तैयार करें।

यह काम एक चुनौती है लेकिन हर चुनौती का सामना करना ही पड़ता है और कोई समस्या ऐसी नहीं है कि जिसका समाधान ना हो। अगर हम ऐसा सोचें तो हल हमारे सामने होगा। अगर आप गंभीर हैं और परेशानी का सामना कर रहे हैं तो कोई पासवर्ड मैनेजर सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको सारे पासवर्ड एक प्रोग्राम में सुरक्षित रखना होंगे और वो प्रोग्राम या सॉफ्टवेयर आपके पासवर्ड को मैनेज करेगा। इसके लिए आपको सिर्फ एक मजबूत पासवर्ड याद रखना पड़ेगा। अगर आप इस तरह के किसी सॉफ्टवेयर पर कोई पैसा नहीं खर्च करने चाहते तो कुछ नीचे लिखे ऐसे समाधान है जिन पर आप काम कर सकते हैं।

Everything Is Fare In Love & War

इसे एक सुरक्षित वाक्य कहा जा सकता है। आप इसी तरह का कोई दूसरा वाक्य जैसे- Jo Jeeta Woh hi Sikandar इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर कोई धार्मिक मंत्र जिसमें 6 शब्द हों। इससे हम पासवर्ड बनाना सीख सकते हैं। जैसे कि हमने ऊपर लिखा उदाहरण लिया है हम उससे eifil&w शब्द ले सकते हैं लेकिन यह आया कहां से? ऊपर लिखे वाक्य के हर शब्द का पहला अक्षर हमने ले लिया। यह अपने आप में एक मजबूत पासवर्ड है जिसका अंदाजा लगाना किसी दूसरे के लिए कठिन है। जरूरी नहीं की आप पहला अक्षर ही लें आप कोई ओर कॉम्बिनेशन भी ले सकते हैं। अगर आप एक से अधिक साइट उपयोग करते हों तो उसके लिए कुछ इस तरह से पासवर्ड समायोजित कर सकते हैं जैसे-

eifil&wgmail, eifil&wfacebook, eifil&wyahoo, eifil&wirctc

अगर आप इस पासवर्ड को और मजबूत बनाना चाहते हैं तो इसके साथ अपनी पसंद का एक नंबर और एक अक्षर जोड़ सकते हैं, जैसे- eifil&wgmail2p, eifil&wfacebook2p, eifil&wyahoo2p, eifil&wirctc2p

इस तरह हम कई तरीकों से एक मजबूत पासवर्ड बना सकते हैं जिसका अंदाजा कोई और नहीं लगा सकता है और हमें इसे याद रखना भी आसान है। इन सुझावों का एक ही मकसद है- मजबूत पासवर्ड से वर्चुअल वर्ल्ड में सुरक्षित रहें।

(लेखक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद पर इंदौर में पदस्थ हैं और विचार उनके व्यक्तिगत हैं)
ईमेल: varunkapoor170@gmail.com